अति तत्काल

रक्षा मंत्रालय

रक्षा (समारोह)

विषय:- **15 अगस्त,2020 को लाल किले पर ध्वजारोहण समारोह-2020**

सैन्य मुख्यालयों से अनुरोध किया जाता है कि ध्वजारोहण-2020 में भाग लेने के लिए आमंत्रण पत्र जारी करने हेतु, दिल्ली एरिया मुख्यालय/ऑपरेशन कमाण्ड, आई.ए.एफ. पालम सहित, दिल्ली/नई दिल्ली में तैनात लेफ्टिनेंट कर्नल एवं उसके ऊपर के सैन्य अधिकारियों एवं उनके समकक्ष सिविल अधिकारियों के नामों की सूची (चार प्रतियों में), नीचे दिए गये निर्धारित प्रोफोर्मा पर, हिन्दी एवं अंग्रेजी में, इस मंत्रालय को दिनांक 15.6.2020 तक भेजें। विभिन्न श्रेणियों के अधिकारियों की सूची अलग-अलग भेजी जाए। कृपया ध्यान रखें कि सूची में उन अधिकारियों के नाम सम्मिलित न किये जाये जो प्रतिनियुक्ति पर किसी अन्य मंत्रालय/विभाग में कार्यरत् हैं, क्योंकि उनके नामों की सूची संबंधित मंत्रालय/विभाग द्वारा भेजी जाएगी।

2. अगर कोई वरिष्ठ अधिकारी, स्वतंत्रता दिवस समारोह के मौके पर, किसी अन्य कारणवश दिल्ली में उपस्थित हो और समारोह में भाग लेने का इच्छुक हो, तो उसकी सूचना अतिशीघ्र दिनांक 15.7.2020 तक, उसी प्रोफोर्मा पर भेजी जाए।

3. प्रत्येक सैन्य मुख्यालय, दो कर्मचारियों सहित एक नोडल ऑफीसर को मनोनीत करे जिन्हें निमंत्रण कार्यालय परिसर में प्रवेश हेतु पहचान पत्र जारी किया जाएगा। सैन्य अधिकारियों / कर्मचारियों की सूची अमुक नोडल ऑफीसर के माध्यम से जारी की जाए। सभी निमंत्रण पत्र, उसी नोडल ऑफीसर को सौंप दिये जायेंगे, जिन्हें वह आगे संबंधित अधिकारी/आगन्तुक को जारी करेगा।

4. किसी भी तरह की जानकारी के लिए कृप्या रक्षा (समारोह),रक्षा मंत्रालयसे दूरभाष संख्या-2301 2904 या 2301 6547 पर संपर्क करें।

02/06/2020

(एम पी गुप्ता)
निदेशक (समारोह)

सेना मुख्यालय/ए.जी.(सी डब्ल्यू-1)
नौसेना मुख्यालय/डीडीपीसी(समारोह)
वायुसेना मुख्यालय/डीडी ओर्ग/समारोह
एकीकृत मुख्यालय रक्षा मंत्रालय/ एडमिन./क्वार्ड.

रक्षा मंत्रालय अ.वी.सं. 2/(6)/2020/रक्षा (समारोह) दिनांक 02 .6.2020

प्रतिलिपि:
विशेष डयूटी अधिकारी (निमंत्रण)

प्रोफोर्मा

क्रम संख्या	नाम	रैंक एवं पदनाम	टेबल ऑफ प्रेसीडेन्स में रैंक, अगर हो तो	विवाहित/ अविवाहित	टिप्पणी